# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 मई 2024, शुक्रवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के खूंटी में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**पाकिस्तान के एटम बम की धमकी देने वाला इंडी गठबंधन सुन ले... PoK हमारा है, इसे कोई नहीं छीन सकता**

***********************

**विपक्ष के नेताओं के घर से करोड़ों रुपये मिल रहे हैं वो आदिवासियों के पैसे हैं**

***********************

**कांग्रेस राज में देश के जल, जंगल और जमीन पर नक्सलवाद का साया था, मोदी जी ने नक्सलवाद समाप्त कर विकास किया**

***********************

**विपक्ष आदिवासी क्षेत्र में घुसपैठ नहीं रोक सकता, सिर्फ मोदी जी आदिवासी महिलाओं के सम्मान की रक्षा कर सकते हैं**

***********************

**मोदी जी ने बिहार व झारखंड को नकस्लवाद से मुक्त किया**

***********************

**कांग्रेस ना आतंकवाद, ना नक्सलवाद और ना ही आदिवासियों की समस्या दूर कर सकती है**

***********************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को झारखंड के खूंटी में जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। श्री अमित शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर केन्द्रीय मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री अर्जुन मुंडा, पद्मभूषण व भाजपा वरिष्ट नेता श्री करिया मुंडा, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन(आजसू पार्टी) के अध्यक्ष श्री सुदेश महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक श्री नीलकंठ मुंडा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि झारखंड की इसी भूमि पर भगवान बिरसा मुंडा ने भारत से सबसे पहले अंग्रेजों को बाहर निकालने का आंदोलन शुरू किया था। **2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई जाएगी और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय किया है**। आज सत्ता प्राप्त करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा जिस कांग्रेस पार्टी के साथ जाकर बैठी है उस कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक झारखंड राज्य को बनने से रोककर रखा। जब देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी बने तब उन्होंने झारखंड को अलग राज्य बनाने का कार्य किया था। **स्वर्गीय अटल जी ने झारखंड को बनाया और श्री नरेन्द्र मोदी झारखंड को संभालने का कार्य कर रहे हैं।** देश में वर्षों तक कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों का ध्यान नहीं रखा गया। स्वर्गीय अटल जी ने जनजातीय आयोग और मंत्रालय के गठन का कार्य किया।

श्री शाह ने कहा कि आज राहुल गांधी जनजातीय और आदिवासी कल्याण की बात करते हैं लेकिन **कांग्रेस ने 75 सालों में 6 दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद किसी आदिवासी बेटे-बेटी को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ओडिशा की गरीब आदिवासी बेटी श्रीमति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान किया**। कांग्रेस के कार्यकाल में जल, जमीन और जंगल पर नक्सलवाद का साया छाया हुआ था। झारखंड, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सभी राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे, इसीलिए इतने वर्षों तक इन क्षेत्रों में विकास नहीं हुआ। देश की जनता ने दो बार आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो श्री मोदी जी ने नक्सलवाद को समाप्त करके विकास की गंगा बहाने की शुरुआत की है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने झारखंड और बिहार को नक्सलवाद से मुक्त करने का कार्य किया है। **भाजपा सरकार ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के म्यूजियम बनाने के लिए 200 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कहा कि **कांग्रेस सरकार के आखिरी कार्यकाल 2013-14 में आदिवासी कल्याण का बजट सिर्फ 29000 करोड़ रुपए था लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के 10 वर्षों में ही इस बजट को बढ़ाकर 1 लाख 33 हजार करोड़ रूपए करने का कार्य किया गया है**। सिकल सेल को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन शुरू किया गया और 740 से ज्यादा एकलव्य स्कूल बनाकर 1 लाख आदिवासी बच्चों का नामांकन करके आने वाले दिनों में 40 हजार शिक्षकों की भर्ती का कार्यक्रम भी घोषित हो चुका है। आदरणीय मोदी जी ने आदिवासी क्षेत्रों में जो खदानें होती थी उसमें से एक हिस्सा डिस्ट्रिक मिनरल फंड के माध्यम से आदिवासी गांवों के विकास के लिए शुरू किया है। देश भर में 88 हजार करोड़ रूपए का डिस्ट्रिक मिनरल फंड आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए शुरू करने का कार्य आदरणीय मोदी जी ने किया है और विशेष रूप से 75 कमजोर जनजातियों के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट भी आदरणीय मोदी जी ने किया है।

श्री शाह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से सवाल किया कि आप कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं तो हिसाब लेकर आइए कि **60 साल में कांग्रेस पार्टी ने क्या किया? एक ओर कांग्रेस के 60 सालों का हिसाब है ओर दूसरी ओर श्री नरेन्द्र मोदी जी का 10 सालों का हिसाब है, जिसमें श्री मोदी जी का पलड़ा भारी है।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 10 वर्षों में लंबे समय से उलझे हुए कामों को पूरा किया है। कांग्रेस पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 70 सालों से राम मंदिर के मुद्दे का लटकाकर रखा लेकिन जनता ने जब श्री नरेन्द्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो 5 वर्षों के भीतर ही फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हो गया और 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पर राहुल गांधी नहीं आए क्योंकि वो अपने वोटबैंक से डरते हैं। उनके वोट बैंक वही हैं जो घुसपैठ करके आदिवासियों की जमीन कब्जा करके बस्तियां बनाते हैं। आज आदिवासी भाइयों को सबसे बड़ा खतरा है तो इन्हीं घुसपैठियों से है। ये घुसपैठिए आज आदिवासी गांवों के अंदर अपनी बस्तियां बना रहे हैं और आदिवासी बहनों से चुपके-चुपके छिपकर शादी करने का प्रयास करते हैं। इन घुसपैठियों को अगर कोई रोक सकता है तो सिर्फ भाजपा की सरकार ही रोक सकती है। अगर आप इस क्षेत्र की आबादी और जनसांख्यिकी को बदलना नहीं चाहते हैं तो श्री नरेन्द्र मोदी जी के को मजबूत करिए। **परिंदा भी पर ना मार पाए, भाजपा ऐसा झारखंड बनाएगी**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **70 सालों से कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 को बचा कर रखा था। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त करके आतंकवाद को समाप्त करने का कार्य किया**। 60 सालों तक ये कांग्रेस पार्टी गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर चुनाव जीतती रही परन्तु गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। श्री नरेन्द्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को निशुल्क राशन देने की शुरूआत की। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 25 पैसे भी लिए बगैर कोरोना को टीका लगाकर देशवासियों को कोरोना जैसी भयानक बीमारी से बचाया लेकिन राहुल गांधी ने कोरोना के टीके को मोदी टीका बताकर लोगों को गुमराह करने का काम किया और खु्द अपनी बहन प्रियंका को ले जाकर कोरोना का वही टीका लगवा लिया। आदरणीय नरेन्द्र मोदी ने 12 करोड़

शौचालय बनाए, 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए, 10 करोड़ गरीबों को गैस का सिलेंडर दिया और 14 करोड़ लोगों को नल से जल देने का काम किया और इसका सबसे बड़ा फायदा आदिवासी समाज और पिछड़े समाज के भाई-बहनों को हुआ। आज देश के किसी भी गरीब को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दी जा रही है।

श्री शाह ने कहा कि **कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए जब्त किए गए, यह 350 करोड़ रुपए झारखंड के आदिवासी भाई-बहनों का है जो राहुल गांधी की पार्टी लूट कर ले गई**। दो दिन पूर्व कांग्रेस के झारखंड के मंत्री के घर से 35 करोड़ रुपए मिले हैं, यह रुपए भी झारखंड के पिछड़े और आदिवासी समाज के लोगों का है। **कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला हुआ।** केन्द्र सरकार द्वारा भेजा गया निशुल्क राशन ये बेच देते हैं। **भ्रष्टाचार को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के बीच प्रतिस्पर्धा हो रही है**। झारखंड की गरीब जनता का रुपया जिसने भी खाया है, पाई-पाई वसूल कर श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार उस पर कार्रवाई करेगी। गरीबों के पैसे पर कांग्रेस का पंजा भाजपा सरकार नहीं पड़ने देगी। खूंटी में जल आपूर्ति की समस्या को लेकर भाजपा सरकार ने विश्व बैंक के साथ मिलकर जल आपूर्ति की शुरुआत की थी लेकिन ठेेकेदार से कमीशन नहीं मिली तो झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने उस योजना को बंद कर दिया। नल से जल के माध्यम से खूंटी के एक-एक गरीब के घर तक जल पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार करेगी। **झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार विकास विरोधी सरकार है**। मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए जमीन नहीं दे रही है, किसानों के लिए नल से जल योजना को बाधित कर रही है, भारतमाला पथ का निर्माण नहीं होने दिया, रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय को भी रोकने का कार्य झारखंड की राज्य सरकार ने किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **पूरे देश में आतंकवाद फैलाने वाली पीएफआई को कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार समर्थन देती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक ही रात में 100 से ज्यादा स्थानों पर रेड करके पीएफआई की पूरी कैडर को जेल की सलाखों के पीछे भेजकर पीएफआई को बैन कर दिया**। कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर देश को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दीजिए क्योंकि उनके पास एटोमिक बम है, कुछ दिनों पूर्व इंडी गठबंधन के नेता फरुख अब्दुल्ला कह रहे थे कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, उनके पास एटोमिक बम है लेकिन **भाजपा का स्पष्ट कहना है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और इसे भारत से कोई नहीं छीन सकता। पाकिस्तान से पाक अधिकृत कश्मीर लाने की जगह एटम बम की बात करके कांग्रेस भारत की जनता को डरा रही है**। भारत की संसद ने सर्वमत से प्रस्ताव पारित किया है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है लेकिन कांग्रेस आज इस पर सवालिया निशान लगा रही है।

श्री शाह ने कहा कि निवर्तमान सांसद और लोकसभा प्रत्याशी श्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं। पलामू से घुवारा तक फोरलेन सड़क बनाई, 5 एकलव्य विद्यालय खोले, भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान को टूरिस्ट सर्किट में शामिल किया, बानो रेलवे स्टेशन को नया बनाने का कार्य चल रहा है, इंडियन ऑयल का डिपो बनाया गया, 22 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया, 4 लाख 60 हजार बहनों को गैस सिलेंडर दिया, 2 लाख घरों में बिजली पहुंचाई, 5 लाख 40 हजार घरों तक नल से जल पहुंचाया। श्री करिया मुंडा जी इसी धरती से आगे बढ़े और देश की संसद के डिप्टी स्पीकर बने। **लोग कहते हैं हमारे सांसद को आगे बढ़ाइए लेकिन खूंटी की जनता को तो प्रधानमंत्री जी ने बना बनाया मंत्री प्रत्याशी के रूप में दे दिया है**। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने खूंटी लोकसभा प्रत्याशी श्री अर्जुन मुंडा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

****************************